तापमान

अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 11.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 22 मार्च 2025


9 खंडर भवन बने शरारती तत्वों का ठिकाना, प्रदर्शन कर जताया विरोध



10 धार्मिक स्थल पर मिला दुकानदार का शव, सिर में लगी थी चोट



## खबर संक्षेप

### टैंपों की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा घायल

**गोहाना।** भैंसवाल चौक के पास टैंपों ने बाइक सवार युवक को टक्कर मारी। जिससे जितेंद्र मौके पर ही मौत हो गई व सुमित घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव रुखी के बिजेंद्र ने बताया कि उसका भाई जितेंद्र उर्फ नंदा गांव का सुमित उर्फ कालू के साथ गोहाना गया था। वापसी में भैंसवान चौक के पास तिपहिया टैंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसके भाई जितेंद्र की मौके पर मौत हो गई जबकि सुमित घायल हो गया।

### बाइक की टक्कर से श्रमिक की मौत

**गोहाना।** गांव रुखी के पास हाइवे पर काम कर रहे श्रमिक को बाइक ने टक्कर मारी। पानीपत में गांव शाहपुर के करनैल ने बताया कि उसके पिता महाबीर सिंह हाइवे पर काम करते थे। गुरुवार को रुखी के पास रोड पर काम करते समय उसे बाइक ने टक्कर मार दी। साथियों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया के दौरान उनकी मौत हो गई।

### दूसरे दिन भी जारी रहा हाइवे खोलने का काम, लगा रहा जाम

# आज काम पूरा होने की उम्मीद, संपर्क मार्गों पर वाहनों का रूट किया डाइवर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दूसरी बार के किसान आंदोलन के आह्वान के चलते बंद किया गया कुंडली-सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से खोलने का काम शुक्रवार को भी जारी रहा। फ्लाईओवर से अवरोधक व कंक्रीट की दीवार हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। देर शाम तक दिल्ली-पानीपत लेन पर कंक्रीट की दीवार को तोड़ने का काम किया जा रहा था। वहीं पानीपत-दिल्ली लेन पर अवरोध हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। शनिवार को दोपहर तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दिल्ली आवागमन आसान हो जाएगा। दूसरी ओर हाइवे पर काम चलने से शुक्रवार को पूरा दिन जाम की स्थिति बनी रही। वाहन चालक घंटों जाम में फंसे रहे। गत बुधवार की रात को अंबाला के पास शंभू बॉर्डर को खोलने का काम शुरू होने के बाद वीरवार शाम को चार बजे दिल्ली प्रशासन ने कुंडली-सिंघु बॉर्डर सीमा को पूरी तरह खोलना शुरू किया था। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन हाइवे खोलने का काम जारी रहा। कंक्रीट की दीवार व बैरिकेड हाइवे को खोलने में बाधा बन रहे हैं। जिन्हें बुल्डोजर से हटाया जा रहा है। फ्लाईओवर पर बने पक्के अवरोध हटाने के लिए बुलडोजर लगाए गए हैं। सीमेंट की दीवारों को तोड़ने में समय लग रहा है।



#### पिछले वर्ष 13 फरवरी को किया था बंद

किसानों के दिल्ली कूच के एलान के बाद पंजाब के किसान 13 फरवरी, 2024 को अंबाला के शंभू बॉर्डर पर आ डटे थे। वहां सुरक्षा बलों के साथ टकराव होने पर दिल्ली पुलिस प्रशासन ने कुंडली-सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया था। बॉर्डर पर किलेबंदी कर सीमेंट की दीवार तक खड़ी कर दी गई थी। मामला शांत होने पर पहले सर्विस रोड व बाद में पानीपत-दिल्ली हाइवे की एक लेन को खोली थी। उसके बाद दिल्ली-पानीपत हाईवे की दो लेन पूरी तरह खोल दी थी, लेकिन पानीपत-दिल्ली हाइवे पर एक लेन ही पूरी तरह खुली थी।

#### दिनभर जाम से जुझते रहे वाहन चालक

पहले जब हाइवे की एक लेन और सर्विस लेन के सहारे दिल्ली जाने में रोजाना जाम की स्थिति बनती थी। वहीं अब शुक्रवार को लेन खोलने के काम के चलते भी जाम की परेशानी बनी हुई है। वाहन चालक शुक्रवार को दिनभर जाम की समस्या से जुझते रहे। वाहनों को निकालने संपर्क मार्ग से निकाला जा रहा है। ऐसे में कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर जाम लग रहा है। फ्लाईओवर पर बुलडोजर चलाकर हाईवे को पूरी तरह खोलने का काम जारी है। भारी व हलके वाहन संपर्क मार्ग से गुजारने से वहां वाहनों की कतार लगी रही। दिल्ली पुलिस को वाहनों को निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। वाहनों को निकालने के लिए रूट डायइर्ट कर संपर्क मार्गों का सहारान लिया जा रहा है, ताकि वाहन चालकों की परेशानी कम की जा सकें।

## महिला से दुष्कर्म के दोषी को दस साल की कैद, 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर क्षेत्र निवासी महिला से दुष्कर्म करने के आरोपित जेठ को अदालत ने दोषी करार दिया है। एडीजे डॉ. जसबीर सिंह ने दोषी को दस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शहर थाना क्षेत्र की महिला ने 2 मार्च, 2020 को पुलिस को बताया था कि उनकी शादी अप्रैल, 2012 में हुई थी। महिला ने आरोप लगाया कि उनके जेठ ने दो दिन पहले रात को उसके साथ दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म करने के बाद आरोपित ने उनकी बुरी तरह से पिटाई कर दी थी। उन्हें एक दिन व एक रात कमरे में बंद रखा गया था। साथ ही उन्हें धमकी दी गई कि किसी को बताया तो जान से मार देंगे। महिला ने आरोप लगाया था कि उनके पति व ननद भी मामले में मिले हुए है। पुलिस ने महिला के पति व जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने महिला के जेठ को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को दस साल कैद व दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### जुआं गुरुकुलम का वार्षिकोत्सव आज से

**सोनीपत।** गांव जुआं स्थित वैदिक ज्ञान योग महाविद्यालय (गुरुकुलम) का सोलहवें वार्षिकोत्सव एवं सत्संग का दो दिवसीय समारोह का आयोजन शनिवार से शुरू होगा। महाविद्यालय के संचालक आचार्य वेदनिष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान यज्ञ के ब्रह्मा के तौर पर भजनोपदेशक स्वामी धर्मदेव रहेंगे। वहीं स्वामी सम्पूर्णानंद, स्वामी सर्वानंद, आचार्य वेदव्रत, आचार्य हरिनिवास, आचार्य सत्यवान आमंत्रित विद्वान हैं।






हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा

## 38 परीक्षा केंद्रों पर 748 परीक्षाथियों ने दिया12वीं का गृह विज्ञान का पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। शुक्रवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने गृह विज्ञान विषय का पेपर दिया। इस परीक्षा को लेकर जिले भर में कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिन पर 748 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी। परीक्षार्थियों ने कहा कि पेपर बेहद आसान था, जिसे निर्धारित समय में पूरा कर लिया था।

बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर छह-छह पुलिस कर्मी तैनात रहे।

जिससे केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप नजर नहीं आया। वहीं बोर्ड व जिला प्रशासन की तरफ से गठित उड़नदस्ता टीमों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उड़नदस्तों की टीमों ने कक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों की जांच की।

#### शांतिपूर्ण रही परीक्षाएं

जिले के सभी 38 परीक्षा केंद्रों पर शुक्रवार को 12वीं के 748 विद्यार्थियों ने गृह विज्ञान का पेपर दिया। नकल का कोई मामला नहीं मिला व परीक्षा शांतिपूर्ण रही। *-कृष्णा रोहिल्ला, बोर्ड अधीक्षक, सोनीपत।*

#### आज चार विषयों की परीक्षाएं

बोर्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा के विद्यार्थी शनिवार को मिलिट्री विज्ञान, नृत्य, मनोविज्ञान व संस्कृत व्याकरण पार्ट-1 का पेपर देंगे। मिलिट्री विज्ञान व नृत्य विषय की परीक्षा का समय दोपहर 12:30 से 03:00 बजे निर्धारित किया गया है, जबकि अन्य विषयों की परीक्षा दोपहर 12:30 बजे से 3:30 बजे तक चलेगी।


## भठगांव: पैसों के लेनदेन में मारपीट में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

**सोनीपत।** गांव भठगांव में पैसों के लेनदेन में युवक ने मनी ट्रांसफर दुकान संचालक की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। मृतक पहले आरोपित की दुकान पर काम करता था। उनमें हिसाब- किताब को लेकर विवाद था। पुलिस ने सूचना के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। भठगांव माल्यान डुंगरान पाना का कुलदीप (40) गांव के ही नवीन के पास मनी ट्रांसफर काम करता था। डेढ़ महीने पहले कुलदीप ने काम छोड़ दिया। दोनों बीच दुकान के हिसाब किताब का विवाद था। नवीन शुक्रवार रात चाकू लेकर कुलदीप के घर गया व गली में दोनों में इसी बात को लेकर हाथापाई हो गई। नवीन ने चाकू से कुलदीप पेट व कमर पर वार व मौके से फरार हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

#### मामले की जांच जारी

मामले की जांच की जा रही है। स्वजन के बयान दर्ज कर आगामी कारवाई की जाएगी। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। *-उमेश कुमार, प्रभारी, थाना सदर।*



जेली फिश के पास ना तो दिल होता है और ना ही दिमाग



तितलियां चखकर नहीं, पैरों से किसी भी चीज का स्वाद पता लगाती हैं।

# कंप्यूटर से ग्रेजुएशन करने के बाद चमकेगा करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

इन दिनों छात्र अपने करियर को लेकर काफी सीरियस है। वो जल्द से जल्द अच्छी नौकरी हासिल कर अपने करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हर कोई अपने लिए ऐसा करियर ऑप्शन ढूंढना चाहता है जिसके जरिए उसे मनपसंद जॉब और मनचाही सैलरी मिल सके। ऐसे में जो छात्र कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनके लिए आज हम कुछ ऐसे करियर ऑप्शंस के बारे में जानकारी लाये है जिनके जरिए वें अपने भविष्य को संवार सकते हैं। बढ़ती महंगाई में सभी को अच्छे करियर की तलाश रहती है, और सभी चाहते हैं कि वह अच्छी सैलरी पा सकें, ताकि अच्छा लाइफ स्टाइल को फॉलो कर सकें।

## काफी ज्यादा डिमांड

कई तरह के कोर्सेज हैं जिन्हें करने के बाद आप अपने करियर को सुरक्षित कर सकते हैं और एक अच्छी सैलरी वाली जॉब का सकते हैं। आज के समय में सब काम ऑनलाइन होते हैं। हर जगह कंप्यूटर की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में जो विद्यार्थी कंप्यूटर से ग्रेजुएशन कर रहे हैं उनकी मांग भी काफी बढ़ने वाली है। अगर आप भी कंप्यूटर के बारे में अच्छा खासा ज्ञान रखते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज पढ़ने में सक्षम है तो आपको इन कोर्स के बारे में जरूर जानना चाहिए। ताकि आप अपने लिए बेस्ट ऑप्शन सेलेक्ट कर सके और उसके अनुसार अपना कैरियर बना सके।

### इंटरनेट से जुड़ा हुआ

आजकल हर कोई अपने मोबाइल पर ज्यादा समय बिता रहा है और इंटरनेट का इस्तेमाल करके नई-नई चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहा है। इसी के चलते हर कंपनी अपने प्रोडक्ट की बिक्री के लिए डाटा इकट्ठा कर रही है। एक डाटा साइंटिस्ट को इन सभी डाटा की जानकारी अच्छे से होती है इसीलिए मार्केट में डाटा साइंटिस्ट की डिमांड बढ़ रही है। इस फील्ड में अन्य क्षेत्रों की बजाय कंपटीशन भी कम है क्योंकि बेहद कम लोगों को इसके बारे में पता है। ऐसे में आप अच्छी सैलरी के साथ एक बेहतरीन जॉब पा सकते हैं।

## सैलरी अच्छी

आज के समय में किसी भी बिजनेस को ऑनलाइन शिफ्ट करने के लिए वेबसाइट चाहिए होती है। इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ वेबसाइट की आवश्यकता और मांग में भी वृद्धि हुई है। एक वेब डेवलपर की सैलरी भी काफी अच्छी होती है। इसके अलावा यह एक ऐसा काम है जिसकी शुरुआत आप फ्री लांसिंग के तौर पर भी कर सकते हैं और कमाई कर सकते हैं।



### ज्ञान होना जरूरी

आज के इस डिजिटल दौर में लगभग हर क्षेत्र में मशीन लर्निंग चाहिए होती है। आपको किसी भी फील्ड में सरलता से मशीन लर्निंग की नौकरी मिल जाएगी। मशीन लर्निंग नौकरी लेने के लिए आपको इससे जुड़े प्रोग्रामिंग और कंप्यूटर के बारे में ज्ञान होना चाहिए। मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करके आप आसानी से किसी भी कंपनी में बड़े ओहदे पर पहुंच सकते हैं और आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलेगी।

## पसंदीदा क्षेत्र

यदि आपको ऐसा लगता हैं कि केवल पबजी और फ्री फायर ही सबसे ज्यादा खेले जाने वाले खेल है तो ऐसा नहीं है। पूरी दुनिया में हर दिन अलग-अलग तरह के गेम रिलीज होते हैं। वीडियो गेम के मामले में तो बहुत सारे गेम काफी पसंद किए जाते हैं। अगर आप भी वीडियो गेम बनाने में रुचि रखते हैं तो इस काम के बारे में सीख सकते हैं और गेम डेवलपर बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसान का फ्यूचर बनने जा रहा है। जितनी स्पीड से आर्टिफिसीयेल इंटेलिजेंटस और रोबोट हमारे डेली रूटीन का भाग बनते जा रहे हैं उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर रिसर्च करने वाले लोगों की मांग कितनी बढ़ाने जा रही है। चैट जीपीटी और ब्रैड जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने के बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की समझ रखने वाले लोगों को रिसर्चर और साइंटिस्ट के पद पर काफी अच्छी जॉब्स ऑफर की जा रही है।

### बन सकते हैं सॉफ्वेयर इंजीनियर

इन दोनों मार्केट में सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिमांड बढ़ती जा रही है। सभी आईटी कंपनियों में बड़े पैमाने पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सॉफ्टवेयर डेवलपर को ढूंढा जा रहा है। यदि आप भी कंप्यूटर के बारे में जानते हैं और कंप्यूटर की लैंग्वेज का ज्ञान है तो आप भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बन सकते हैं। इस फील्ड में करियर बनाने से आपका भविष्य भी सुरक्षित होगा।

---

## खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास बेहद अहम

# स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट भी एक उभरता हुआ करियर, जो आपको देगा नई उड़ान

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



खेलों में मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास उतना ही महत्वपूर्ण होता है जितना कि शारीरिक फिटनेस। ऐसे में एक स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत बनने, तनाव से निपटने और उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है। आज के प्रतिस्पर्धी खेल जगत में, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से बढ़ता हुआ करियर विकल्प है। यह जोश और जज्बे के साथ आपको नई उड़ाने दे सकता है। इस करियर विकल्प में आप भी फिट और मजबूत रहने के साथ साथ अच्छा पैसा भी कमा सकते हैं।

### क्या है स्पोर्ट्स साइकोलॉजी

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक ऐसी शाखा है जो एथलीट्स के मानसिक और भावनात्मक पहलुओं का अध्ययन करती है। इसमें खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, ध्यान, प्रेरणा, तनाव प्रबंधन, टीम वर्क और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की रणनीतियों पर ध्यान दिया जाता है।

### खिलाड़ियों को मानसिक मजबूती प्रदान करता



तनाव से निपटने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता

### आवश्यक कौशल और योग्यताएं

1. **संचार कौशल** : खिलाड़ियों और कोच से प्रभावी संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए।
2. **मनोवैज्ञानिक विश्लेषण** : खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति और प्रदर्शन की गहरी समझ होनी चाहिए।
3. **समस्या समाधान** : तनावग्रस्त और दबाव में खेल रहे खिलाड़ियों की समस्याओं का हल निकालने में सक्षम होना चाहिए।
4. **धैर्य और सहानुभूति** : खिलाड़ियों की मानसिक चुनौतियों को समझने और उनका समर्थन करने के लिए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण होना जरूरी है।

### नौकरी के अवसर

1. खेल संगठन और टीमें
- भारतीय खेल प्राधिकरण (साई)
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए)
- विभिन्न क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी और कबड्डी लीग टीमें

2. सरकारी और निजी खेल अकादमियां
- राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल अकादमियां
- निजी खेल प्रशिक्षण केंद्र

3. विश्वविद्यालय और शैक्षिक संस्थान
- खेल विश्वविद्यालयों में प्रोफेसर व प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना

4. निजी प्रैक्टिस और परामर्श
- व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ियों और खेल टीमों को मानसिक स्वास्थ्य और प्रदर्शन सुधार की सेवाएँ देना

### वेतन और आय

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट की आय अनुभव और कार्यक्षेत्र पर निर्भर करती है।

- फ्रेशर (शुरुआती स्तर) : 5,00,000 से 8,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- मध्य स्तर (5-10 साल का अनुभव) : 10,00,000 से 15,00,000 रुपये प्रति वर्ष
- वरिष्ठ विशेषज्ञ (10+ साल का अनुभव): 18,00,000 से 30,00,000 प्रति वर्ष

### शिक्षा और प्रशिक्षण

स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको मनोविज्ञान (**Psychology**) में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है। इसके लिए निम्नलिखित शैक्षिक विकल्प उपलब्ध हैं।

**बैचलर डिग्री** : स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट बनने की पहली सीढ़ी बी.ए. या बी.एससी. इन साइकोलॉजी करना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, व्यवहार अध्ययन और न्यूरोसाइंस जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं।

**मास्टर डिग्री** : बैचलर डिग्री के बाद, आपको एम.ए. या एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। इस डिग्री में खेल मनोविज्ञान, प्रदर्शन मनोविज्ञान और व्यवहार चिकित्सा की गहरी समझ दी जाती है।

**डॉक्टरेट (पीएचडी या पीएसवाईडी)** : यदि आप अनुसंधान या विश्वविद्यालय स्तर पर पढ़ाना चाहते हैं, तो आपको पीएचडी या पीएसवाईडी इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी करनी होगी। यह उच्चतम स्तर की डिग्री है और इसमें गहन अध्ययन, अनुसंधान और व्यावहारिक अनुभव शामिल होते हैं।

### इन संस्स्थानों से कर सकते हैं डिग्री

**सरकारी संस्थान**

1. दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू), दिल्ली
   - **कोर्स**: एम.ए. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी
   - **कोर्स**: बी.ए. और एम.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, दिल्ली
   - **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
4. नेशनल स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट, पटियाला
   - कोर्स: स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण और रिसर्च प्रोग्राम्स

**निजी संस्थान**

1. अमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   - **कोर्स**: एम.एससी. इन स्पोर्ट्स साइकोलॉजी
2. क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु
   - **कोर्स**: बी.एससी. और एम.एससी. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स स्पेशलाइजेशन के साथ)
3. फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
   - **कोर्स**: बी.ए. इन साइकोलॉजी (स्पोर्ट्स साइकोलॉजी में फोकस)

### उभरता हुआ करियर

स्पोर्ट्स साइकोलॉजी एक तेजी से उभरता हुआ करियर है, जो न केवल एथलीट्स को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उन्हें अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने में भी मदद करता है। अगर आप खेलों और मनोविज्ञान में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक शानदार विकल्प हो सकता है।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर विजिट कर सकते हैं।



---

# भारत में हर पर्व लाता जीवन में उत्साह सकारात्मक बदलाव व उमंग का प्रतीक



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां हर पर्व अपने आप में एक अनूठा उत्साह और संदेश लेकर आता है। चाहे वह होली का रंगों भरा उमंग हो, दीपावली का प्रकाश और समृद्धि का संदेश हो, ईद की भाईचारे और बलिदान की भावना हो, या क्रिसमस का प्रेम और शांति का उपहार हो-ये सभी त्यौहार केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सकारात्मक बदलाव और प्रेरणा लाने के अवसर हैं। खासकर छात्रों के लिए, ये पर्व नई ऊर्जा, आत्मविकास और सही दिशा में बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। आइए जानते हैं कि इन पर्वों से हमें क्या-क्या सीख मिलती है और इसे अपने जीवन में कैसे उतार सकते हैं।

## जीवन में त्योहारों का विशेष महत्व

**बुराई पर अच्छाई की जीत**

**होली**: हिरण्यकश्यप और होलिका की कहानी हमें सिखाती है कि सत्य और भक्ति हमेशा विजयी होती है।

**दीपावली**: रावण पर राम की जीत अंधेरे पर प्रकाश और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है।

**ईद**: ईमानदारी और बलिदान की भावना हमें सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है।

**क्रिसमस**: प्रेम और क्षमा की भावना हमें बुराई को भलाई से हराने का संदेश देती है।

**छात्रों के लिए सीख**:
- हमेशा सत्य और मेहनत के रास्ते पर चलें।
- पढ़ाई में शॉर्टकट या नकल से बचें, ईमानदारी से अपने लक्ष्य पाएँ।
- असफलताओं को चुनौती मानें और उनसे सीखकर आगे बढ़ें।

**नया उत्साह और नई शुरुआत**

**होली**: पुराने गिले-शिकवे भुलाकर दोस्ती और भाईचारे को बढ़ाने का अवसर।

**दीपावली**: नया साल, नई उम्मीदें और समृद्धि की शुरुआत।

**ईद**: रमजान के बाद नई ऊर्जा और आत्म-शुद्धि का प्रतीक।

**क्रिसमस**: नए साल की शुरुआत के साथ प्रेम और शांति का संदेश।

**छात्रों के लिए सीख**
- हर दिन को एक नई शुरुआत मानें, पुरानी गलतियों से सीखें।
- आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ चुनौतियों का सामना करें।

## समाज में बांटते खुशियां

**परिश्रम और समर्पण का महत्व**

**होली**: घर की सफाई और तैयारियाँ मेहनत का महत्व सिखाती हैं।

**दीपावली**: दीप जलाने से पहले की तैयारी परिश्रम की महत्ता दर्शाती है।

**ईद**: रमजान के रोजे और इबादत समर्पण का प्रतीक हैं।

**क्रिसमस**: उपहार और सजावट की तैयारी मेहनत और लगन का उदाहरण है।

**छात्रों के लिए सीख**
- सफलता के लिए परिश्रम और अनुशासन जरूरी है।
- पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखें और आलस्य को दूर करें।
- कठिनाइयों को अवसर में बदलें और खुद को बेहतर बनाएं।

**सामाजिक समरसता और एकता**

**होली**: रंगों के साथ सभी भेदभाव मिटाकर एकता का संदेश।

**दीपावली**: परिवार और समाज के साथ खुशियाँ बाँटने का पर्व।

**ईद**: जकात और भाईचारा सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है।

**क्रिसमस**: प्रेम और दान की भावना से समाज को जोड़ने का अवसर।

## सामान्य ज्ञान

**1.** प्रसिद्ध चरकुला नृत्य संम्बन्धित है ?
(ए) अवध से
(बी) बुंदेलखंड से
(सी) ब्रजभूमि से
(डी) रुहेलखण्ड से

**2.** निमंलिखित में से कौन सुम्मेलित नहीं है?
(ए) आल्हा-महोबा
(बी) रसिया-बरसना
(सी) कजरी-मिर्जापुर
(डी) बिरहा-कनौज

**3.** बधाई है --
(ए) बुंदेलखंड का नृत्य
(बी) मालवा का नृत्य
(सी) दिवाली के दुसरे दिन भोपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार
(डी) बुंदेलखंड का लोक संगीत

**4.** तमाशा संगीत नाटक का प्रसिद्ध लोक स्वरूप है और यह सम्बंधित है -
(ए) उत्तर प्रदेश
(बी) पंजाब से
(सी) महाराष्ट्र से
(डी) बिहार से

**5.** बताइए कौन सा लोक संगीत दिए गये स्थानों से संम्बन्धित नहीं है?
(ए) कजरी-वाराणसी
(बी) बिरहा - कानपुर
(सी) होली -बृज
(डी) नौटंकी- हाथरस

**6.** निम्नलिखित नृत्यों में कौन - सा सुमेलित नहीं है /
(ए) करमा-महोबा
(बी) धुरिया - बुंदेलखंड
(सी) धीवर - कहार
(डी) नटवरी - पूर्वांचल

**7.** कारागम धार्मिक लोकनृत्य संम्बन्धित है?
(ए) केरल से
(बी) तमिलनाडु से
(सी) आंध्रप्रदेश से
(डी) कर्नाटक से

**8.** लोकनृत्य राहुला का संम्बध उत्तर प्रदेश के निम्न में से किस एक क्षेत्र से है?
(ए) पूर्वी क्षेत्र
(बी) पशिचमी क्षेत्र
(सी) मध्य क्षेत्र
(डी) बुंदेलखंड क्षेत्र

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(ए) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### गोहानाः आज और कल लगेंगे रक्तदान शिविर

**गोहाना।** बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार और रविवार को गोहाना में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। बलिदानी भगत सिंह ब्रिगेड गोहाना एवं सज्जन सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश लठवाल ने बताया कि रविवार को बस स्टैंड गोहाना में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### गांव से चौपाल का गेट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** मुरथल थाना क्षेत्र के गांव पबनेरा में स्थित चौपाल से दरवाजा चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव की सरपंच ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पबनेरा की सरपंच पूनम ने बताया कि सुबह पता चला कि तालाब के पास स्थित एससी चौपाल का दरवाजा गायब है।

### साई सेंटर से लोहे के पोल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 स्थित साई स्टेडियम से थ्रोस्टप के दो पोल चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। सेंटर प्रबंधन की तरफ से मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सिक्योरिटी सुपरवाइजर राज सिंह ने बताया कि चोर बहालगढ़ स्थित साई स्टेडियम से थ्रोस्टप के पाल चोरी कर ले गए।

### नाबालिग से दुष्कर्म की घटना में आरोपित काबू

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस टीम ने नाबालिग लडक़ी के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिहार निवासी रणजीत उर्फ गोगा पुत्र दिनेश है। 10 मार्च को बिहार निवासी एक महिला ने थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि उक्त आरोपित ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने घटना में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### दादा मोहनदास धाम में लगाया भंडारा

सोनीपत। लहराड़ा स्थित दादा मोहनदास धाम में शुक्रवार को संकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। मेयर राजीव जैन का सभी ने स्वागत किया। इस मौके पर विजय बाबा की अध्यक्षता में शीतला माता का भंडारा एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर देवीनाथ, भगवानदास, सुनील बैरागी, उमेश मौजूद रहे।

### सेक्टर-23 में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**सोनीपत।** शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 23 मार्च को खानपुर पीजीआई के सहयोग से शहीद भगत सिहं स्पोर्टस ग्राउंड, सेक्टर-23 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 23 मार्च को भगत सिहं, राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन है। इस कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ, शहीदों को पुष्पांजली, शहीदो के सम्मान में सम्मान समारोह, देशभक्ति रागनी, तिरंगा यात्रा व निःशुल्क शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षा केंद्र का उद्घाटन भी किया जाएगा।

### स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**राई।** सीबीएसई की क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता भावना , वंदना सिंघल, अनुराधा भारद्वाज, टीनू भारती, आरती बत्रा, अर्जुन धामा थी।

### नारा लेखन प्रतियोगित में ईशा ने बाजी मारी

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई के रामनगर में आवासीय शिविर के तीसरे दिन वित्तीय साक्षरता के साथ रोड सेफ्टी पर व्याख्यान का आयोजन किया । आयोजित फेस पेंटिंग में सोनाक्षी व नारा लेखन में ईशा ने बाजी मारी। प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला ने विजेताओं व शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी।

---

### महिलाओं का आना-जाना मुश्किल, प्रशासन से इमारत हटवाने की गुहार

# खंडर इमारत बनी शरारती तत्वों का ठिकाना, लोगों ने प्रकट किया रोष

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में करीब 12 मकान, इनमें कोई नहीं रहता मकानों की इमारत खंडहर हो चुकी

## कंपनी के अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के वार्ड नंबर-5 में स्थित ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित एटलस कंपनी के मकानों की हालत खंडहर हालत में पहुंच चुकी है। मकानों के एक तरफ पार्क तो दूसरी तरफ मंदिर है। खंडहर इमारत में शरारती तत्व घुसे रहते है। जिसके चलते कॉलोनी वासी महिलाओं व लड़कियों का निकला दुर्भर हो चुका है। महिलाओं का कहना है कि इस संबंध में कई बार जिला प्रशासन से गुहार लगा चुके है,लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। कॉलोनी वासी सुभाष ने बताया कि एटलस कंपनी के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में करीब 12 मकान है। मकानों के अंदर कोई नहीं रहता है। मकानों की इमारत खंडहर हो चुकी है। मकानों के दोनों तरफ सार्वजनिक स्थान मौजूद है। जिसमें कॉलोनी की महिलाओं व बच्चों का आना जाना होता है। खंडहर मकानों में शरारती तत्व घुसे रहते है। गाली-गलौज करते रहते है। इस संबंध में कंपनी के अधिकारी व जिला प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते कॉलोनी वासियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।



सोनीपत। खंडहर मकानों के सामने प्रदर्शन करते कॉलोनी वासी।




नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन देते भारतीय किसान युनियन के किसान।

### विकास कार्यों में हो रही धांधली की जांच की मांग

गन्नौर। लल्हेड़ी खुर्द ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गांव के पंच राजेश ने उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में पंच ने उपायुक्त से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हो रही धांधली की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता गांव के वार्ड 11 से पंच राजेश ने बताया कि पंचायत के पास लगभग 18 से 20 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध है, जिस पर सालाना 10 से 12 लाख रुपये का ब्याज आता है। आरोप है कि गांव के सरपंच और सचिव ने मिलीभगत से पंचायत फंड से करीब 4 करोड़ रुपये का भुगतान कर लिया है। जब पंचों ने इस फंड का लेखा-जोखा मांगा तो उन्हें टाल-मटोल कर गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी 2-3 बार आरटीआई दायर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, पिछले एक साल से पंचों का मासिक वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। राजेश ने उपायुक्त से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए।

### किसानों ने ज्ञापन सौंपा

गन्नौर। भारतीय किसान युनियन (अंबावता ग्रुप) के जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह, जयभगवान मलिक (सूबेदार भूतपूर्व), कर्मवीर , राम मेहर, सुभाष के नेतृत्व में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन (अ) की तरफ से पंजाब में किसानों के उपर लाठी चार्ज की घोर निंदा करते हुए कहा कि ये प्रजातंत्र देश है।।अपनी मांगों के लिए किसानों ने आवाज उठाई । जिस पर प्रशासन ने किसानों पर लाठी बरसाई। प्रशासन किसानों पर इतना जुल्म न करें क्योंकि किसान फिर से बाहर निकल आये तो प्रजा और प्रशासन को परेशानी झेलनी पडेगी । इसकी जवाबदेही सरकार की होगी। जितने भी किसान जेल में हैं उनको रिहा किया जाएऔर मुकदमें वापिस लिए जाए । उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसपी गारन्टी देने का वादा किया था, एकत्रित हुए सभी किसान एमएसपी मांग रहे हैं । मौके पर किसानसत्यवान सरोहा, बलजीत सिंह, कृष्ण आदि मौजूद थे।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान विधानसभा सत्र में बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए।

# बजट जनता के हित में लाभकारी साबित होगा

- विपक्ष मान रहा बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देना भाजपा सरकार का अच्छा कदम : देवेंद्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

विधानसभा सत्र में बजट पर प्रतिक्रिया देते गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसान, महिला, युवा, गरीब और व्यापारी समेत सभी के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। यह बजट लोगों की उम्मीदों के अनुरूप आया है। कादियान ने कहा बजट जनता के हित में लाभकारी साबित होगा। लोक कल्याणकारी है और विकसित भारत-विकसित हरियाणा की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी को विकसित करने पर जोर दिया है, जिससे किसानों की आय बेहतर होगी। कहा कि इस साल बजट में जो बढ़ोतरी हुई है, वह पर्याप्त है। विधायक ने कहा कि विधानसभा सत्र में जो अच्छा होता है, उसकी सराहना सभी को करनी चाहिए। भाजपा सरकार ने कई अच्छे कार्य किए हैं और आगे भी करेगी। उन्होंने खुद को किसान परिवार से बताते हुए कहा कि पहले की तुलना में आज किसान संपन्न हैं। यह बदलाव सरकार की नीतियों से आया है। कादियान ने कहा कि प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्चे के नौकरियां दी गई हैं। तीसरी बार सरकार बनते ही मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करीब 24 हजार युवाओं को नौकरी दी है। विपक्ष को इसकी सराहना करनी चाहिए, लेकिन वे हर बात पर सवाल उठाते हैं। अकेले में मिलते हैं तो मानते हैं कि बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देना अच्छा कदम है। यही वजह है कि भाजपा सरकार तीसरी बार बनी है। विधायक ने बताया कि विधानसभा सत्र में गन्नौर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इन पर संज्ञान लेंगे, जिससे गन्नौर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

# परीक्षा मूल्यांकन विषय पर सेमिनार

- ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में हुआ द्विदिवसीय विशेष सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में परीक्षा मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रिया के विषय में विशेष द्विदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व वक्ता अनिल कुमार गोयल एवं अमीषा गौड़ के साथ वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा और रीमा शर्मा तथा विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम के प्रथम दिन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मूल्यांकन और मूल्यांकन प्रक्रियाओं को मजबूत करना विषय पर चर्चा की गई। इस सेमिनार में यह बताया गया कि शिक्षा और सीखने की प्रक्रिया में छात्रों के ज्ञान, कौशल और समझ का आंकलन करने के लिए किन बेहतर और अधिक प्रभावी तरीकों को अपनाया जाए ताकि बालकों की प्रगति को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उनकी शिक्षा को बेहतर बनाया जा सके। केवल लिखित परीक्षा पर निर्भर रहने के बजाय, विभिन्न प्रकार के मूल्यांकन जैसे प्रोजेक्ट, प्रस्तुति, पोर्टफोलियो और प्रदर्शन-आधारित मूल्यांकन का उपयोग अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त नई शिक्षा नीति, नवीन तकनीक शिक्षण व अधिगम के नए तरीकों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रकाश डाला गया। प्रधानाध्यापिका चंचल शर्मा ने अतिथि वक्ताओं का धन्यवाद किया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यालय का स्टाफ एवं अतिथिगण।

### टूटी सड़क जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने की मांग

**सोनीपत** जिले में सड़कों की बदहाल स्थिति और प्रशासन की अनदेखी के विरोध में जिला पार्षद संजय ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। उन्होंने सुभाष चौक से नगर निगम और पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक अपनी गाड़ी को रस्सी से बांधकर खींचा और नारेबाजी की। संजय ने आरोप लगाया कि किलोहड़द, करेवड़ी, चिटाना, ककरोई, जाहरी, देवडू रोड, शहजादपुर और थरिया रोड जैसी कई सड़कें हाल ही में बनी थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में टूट गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन और ठेकेदारों की मिलीभगत के चलते घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे भ्रष्टाचार की बू आती है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते कहा कि यदि जल्द ही सड़कें दुरुस्त नहीं की गईं, तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए।

# रक्तदान हमारी सामाजिक जिम्मेदारी

## शिविर में बीस नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना से सटे नगर गांव स्थित बाबा मंगलदास की कुटिया में शुक्रवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर बाबा मंगलदास कुटिया संचालन समिति द्वारा आयोजित किया गया जिसमें 20 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। सानिध्य महंत कमल पुरी और महंत कपिल पुरी का रहा। अध्यक्षता भाजपा खानपुर मंडल के अध्यक्ष जस्सी खुराना ने की।

शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि रक्तदान करना हम सब की सामाजिक जिम्मेदारी है। हम अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करके अपने द्वारा दान किए गए रक्त से किसी जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त, गोहाना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट संदीप पूनिया, नरेंद्र गहलावत, जगबीर जैन और संजय मेहंदीरत्ता रहे। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में महंत एमएन भट्ट और महंत महावीर गिरी शामिल रहे। इनके अलावा रोहतास, प्रशांत, नरसिंह, शोकी, अरुण शर्मा, आशीष, निशांत, राजू और जवाब अली ने रक्तदान का पुण्य बटोरा।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि




एनएसएस शिविर के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य स्टाफ।

### वार्षिक शिविर का शुभारंभ

**सोनीपत।** एसएम हिन्दू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस वार्षिक कैंप का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 21 मार्च से शुरू हुआ तथा यह शिविर 27 मार्च तक चलेगा, जिसमें 50 स्वयंसेवक भाग लेंगे। कैम्प के प्रथम दिन का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या नताशा छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने स्वयं सेवकों को स्वच्छ भारत अभियान के महत्त्व और उद्देश्य के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेवारी नहीं है बल्कि यह हमारे समाज और देश के समग्र विकास का हिस्सा है। इसके साथ ही जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत पर भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी राजीव कुमार भी मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं ने शीतला माता की पूजा की

- शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को वार्षिक मेला आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

बिधलान गांव स्थित शीतला माता मंदिर में शुक्रवार को वार्षिक मेला आयोजित किया गया। शीतला माता के प्रति गहरी आस्था होने के कारण मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। बिधलान गांव में सैकड़ों वर्ष पुराना माता शीतला का मंदिर है। वैसे तो मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं। हर साल होली के 7 दिन बाद चैत्र मास की सप्तमी को हजारों श्रद्धालु माता को बासी भोजन का भोग लगाने के लिए आते हैं। मंदिरों में भक्तों द्वारा लाए गए बासी भोजन को पुजारियों द्वारा माता को अर्पित किया जाता है।

लंबी कतार लगने के बावजूद भक्तों को अपने हाथों से माता को भोग लगाने का मौका मिलता है। जिसके चलते ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की कतार लगनी शुरू हो जाती है। माता को लगाया जाने वाला भोग बाजार से नहीं खरीदा बल्कि महिलाएं अपने घरों में दिन पहले ही तैयार कर लेती हैं और उस बासी भोजन का माता को भोग लगाती है। श्रद्धालुओं द्वारा इस दिन परिवार की सुख शांति के लिए तालाब से मिट्टी निकाली जाती है।



खरखौदा। शीतला माता मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की कतार। फोटो :हरिभूमि

## क्षय रोग को समाप्त करने में समाज और चिकित्सकों की भूमिका के बारे में बताया

- सीनियर पीडियाट्रिशियन डॉ. एनके मित्तल ने बच्चों व अभिभावकों को किया संबोधित

**गन्नौर।** पांची रोड स्थित एक नर्सिंग होम में 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में बाल अक्षय रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। जिसमें सोनीपत के मित्तल नर्सिंग होम के सीनियर पीडियाट्रिशियन डॉक्टर एन के मित्तल ने हम में आए बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया। डॉ मित्तल ने कहा कि बच्चों में बढ़ते क्षय रोग (टीबी) के खतरे, विश्व और भारत में क्षय रोग की स्थिति, बाल क्षय रोग के विशेष मुद्दे निदान में आने वाली कठिनाइयों ,2025 तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य में आ रही



बाधाएँ, पोलियो उन्मूलन बनाम टीबी उन्मूलन के बीच अंतर, क्षय रोग को समाप्त करने में समाज और डॉक्टरों की भूमिका के बारे में बताया। डॉ मित्तल ने कहा कि वे कई वर्षों से क्षय रोग उन्मूलन के लिए विशेष रूप से बाल क्षय रोग 0-14 वर्ष तक के रोगियों का निशुल्क उपचार कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सोनीपत प्रशासन, प्रदेश सरकार द्वारा बेहतर कार्य करने पर सराहना और मान्यता दी गई है। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर धनखड़ भी मौजूद थे।

### वार्षिक संत समागम महोत्सव ध्वजारोहण व भंडारे के साथ संपन्न

# हवन में आहुति देकर सुख-शांति की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर सिद्धपीठ धाम एवं गौशाला गन्नौर के वार्षिक संत समागम महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति, संतो के प्रवचन, भजन, ध्वजारोहण व भंडारे के साथ समापन हुआ। हरिद्वार से आए स्वामी शंकरानंद महाराज, गौ ऋर्षि श्यामदास महाराज, गौशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल शर्मा आदि भक्तों ने हवन में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल कौशिक व अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इसके बाद प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि आध्यात्म को जागृत करने वाला अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान है। भागवत वैष्णवो का परम धन, पुराणों का तिलक, परम हंसों की संहिता, भक्ति ज्ञान-वैराग्य का प्रवाह, श्रीकृष्ण का आलौकिक स्वरूप, प्रेमी भक्तों की लीला स्थली है। स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि जगत का आधार, लोक-परलोक को संवारने वाला, जगत व्यवहार परमार्थ का ज्ञान कराने वाला, वेदों उपनिषदों का अद्वितीय सार व्यक्ति को शांति तथा समाज को क्रांति का प्रतीक तथा पंचम वेद है। जहां भगवान का नाम नियमित रूप से लिया जाता है। वहां सुख, समृद्धि शांति बनी रहती है। हमें अपने जीवन को कर्मशील बनाना है तो प्रभु की बताई शिक्षाओं इसके बनाए संविधान के अनुसार अपने जीवन को जीना शुरू कर दें। जीवन जीने की कला संत शरण में सीखने को मिलती है। कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज ने कहा कि हर पल खुशी के साथ बीते दूसरों का आप भला कर पाएंगे। इसके लिए संयमित जीवन जीना सीख लें। सभी संयमित मर्यादित हैं तो अच्छा है। जिस प्रकार से बिना ब्रेक की सुन्दर गाड़ी भी कोई बैठना नहीं चाहता उसी प्रकार सुन्दर जीवन में संयम की जरूरत है। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज, समिति प्रधान सतपाल शर्मा आदि ने व्यवस्था में भागीदारी की।




गन्नौर। गौ ऋर्षि श्यामदास महाराज व समिति प्रधान सतपाल, समाजसेवी अनिल कौशिक का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय का स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत।** छोटूराम आर्य महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा विश्व जल दिवस पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसका विषय गलेशियर प्रिजरवेशन था। प्रतियोगिता मे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व जल दिवस हर साल 22 मार्च को मनाया जाता है, जो हमें पानी के महत्व तथा इसकी सुरक्षा की आवश्यकता की याद दिलाता है। जल हमारे जीवन का आधार है और इसके बिना जीवन असंभव है। इस मौके पर डॉ. निशा खत्री, रितु, नीलम, कविता, प्रीति, प्रदीप, जगदीप व हरबीर मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गांव कटवाल में चोरों ने मकान में सेंध लगाई

**गोहाना।** गांव कटवाल में चोरों ने एक ग्रामीण के घर में सेंध लगा दी। चोर उसके घर से नकदी चोरी कर ले गए। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। रामफल ने बताया कि गुरुवार को चोरों ने उसके घर में सेंध लगाई। चोरों ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ कर 1.75 लाख रुपये चोरी कर लिए।

### जानलेवा हमला करने का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस टीम ने पेट में चाकू से वार कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त पांचवे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपक पुत्र सुभाष जिला पानीपत के गांव अहर का निवासी है। गांव सिवानका में 14 मार्च को दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। बिजेंद्र पुत्र सूरजभान दोनों पक्षों के लोगों को समझाने गए थे। उनका भतीजा नीरज पुत्र उमेद बीच बचाव करने आया तो युवकों ने उसके पेट में चाकूओं से दो बार वार किया और फरार हो गए।

### रामफल प्रभारी और परमवीर सह प्रभारी बने

**गोहाना।** भाजपा संगठन के गोहाना जिला के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने जिला कार्यकारिणी को गठित करने के लिए बरोदा हलका से पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना को प्रभारी एवं परमवीर सैनी को सह प्रभारी नियुक्त किया। भाजपा के कार्यकर्ता जिला की कार्यकारिणी, जिला के मोर्चों की कार्यकारिणी और मंडलों की कार्यकारिणी के लिए 23 मार्च को आवेदन कर सकेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी डा. राममेहर राठी ने दी।

### रेलगाड़ी में यात्री का बैग चोरी, मामला दर्ज

**सोनीपत।** अंबाला-दिल्ली रेलमार्ग पर अमृतसर एक्सप्रेस रेलगाड़ी में सफर कर रहे युवक का बैग चोरी करने का मामला सामने आया है। बैग में पांच हजार रुपये, दो मोबाइल और कागजात थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पटियाला निवासी अजीत सिंह ने शिकायत दी थी कि वह अमृतसर एक्सप्रेस में 14 फरवरी को झांसी से लौट रहे थे।

### वीरवार दोपहर बाद स्कूटी लेकर घर से निकला था बालकिशन, स्कूटी व फोन नहीं हुए बरामद

# धार्मिक स्थल पर मिला दुकानदार का शव, सिर में चोट

## धार्मिक स्थल का पुजारी है गायब तलाश में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/खरखौदा**

क्षेत्र के एक दुकानदार की सिर में चोट मारकर हत्या का मामला सामने आया है। दुकानदार का शव गोपालपुर मार्ग स्थित एक धार्मिक स्थल से बरामद किया गया है। दुकानदार वीरवार दोपहर बाद घर से निकला था, जिसके बाद रात को भी वापस नहीं लौटा था।

इसी के बाद देर रात पुलिस को सूचित किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को दुकानदार का शव गोपालपुर मार्ग से बरामद किया गया है। धार्मिक स्थल से पुजारी भी गायब है। जिसके बाद से पुजारी पर हत्या का शक जाहिर किया जा रहा है। शहरवासियों ने मामले में जल्द कार्रवाई की मांग उठाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार गुरुवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे कास्मेटिक की दुकान चलाने वाला दुकानदार बालकिशन अपनी स्कूटी लेकर घर से बाहर गया था। जिसके बाद रात को भी वह घर नहीं लौटा तो रात्रि को करीब 12 बजे परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पूरी रात्रि को पुलिस व परिजनों द्वारा लापता दुकानदार बालकिशन को ढूंढने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन कहीं से भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई। पुलिस द्वारा भी काफी जगह पर जांच पड़ताल की गई। शुक्रवार को लापता दुकानदार के बारे में दोपहर करीब 3 बजे जानकारी मिली कि गोपालपुर मार्ग स्थित बावरिया धार्मिक स्थल पर एक कोठरी में 65 वर्षीय बालकिशन का शव पड़ा है।

पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंच कर एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर जांच की। जिसमें सामने आया कि मृतक दुकानदार के सिर में काफी चोट लगी है और फर्श पर काफी खून बिखरा हुआ है। आवश्यक जांच के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत भेज दिया। मृतक दुकानदार के पुत्र गौरव, विशाल, सौरभ से पुलिस ने पूछताछ करके विभिन्न टीमें गठित करके जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि इस धार्मिक स्थल पर एक पुजारी राजकुमार रहता था और घटना के बाद से ही वह गायब है। जिसने अपना फोन भी बंद किया हुआ है। मामले की सूचना के बाद मौके पर डीसीपी नरेंद्र कादयान, सीआईए खरखौदा और सीआईए सोनीपत की टीम पहुंचीं थी। इस दौरान मौके पर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं। वहीं प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बालकिशन के फोन से आखिरी बार पुजारी को ही कॉल किया गया था। कॉल डिटेल के आधार पर वे गोपालपुर में धार्मिक स्थल तक पहुंचें थे। इसके बाद कोई कॉल डिटेल नहीं है।

■ सिर में चोट मारकर हत्या का मामला


**खरखौदा।** थाना प्रभारी से मुलाकात करने पहुंचे व्यापारी।

### दुकानें बंद कर विरोध करेंगे

इस मामले में स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे लोग प्रदर्शन करेंगे। दुकानें बंद कर विरोध जताएंगें। वहीं इस मामले में पुलिस की जांच का एक एंगल गायब हुई दुकानदार की स्कूटी और फोन पर भी बना हुआ है। आरोपित की तलाश के लिये सीसीटीवी की भी जांच की जा रही है।

### गिरफ्तारी जल्द

पुजारी राजकुमार का गायब होना और फोन बंद कर लेना इस घटना में उसकी संलिप्तता का संदेह पैदा करता है। मृतक दुकानदार के सिर में काफी चोटें लगी हुई है। उनके पास वीरवार को करीब रात 12 बजे दुकानदार के परिजनों द्वारा लापता होने की सूचना दी गई थी। फरार पुजारी को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गई है। जो भी इस घटना में आरोपी शामिल हैं। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**- बीर सिंह**, थाना प्रभारी, खरखौदा


**खरखौदा।** जांच पड़ताल करते हुए पुलिस तथा इनसेट में मृतक बालकिशन।

### बाहर से आए पुजारियों की वेरिफिकेशन करवाई जाए : सिंगला

**सोनीपत।** बालकिशन बंसल की हत्या मामले में जिला व्यापार मंडल सोनीपत व खरखौदा के दुकानदारों ने जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला व कोषाध्यक्ष रविन्द्र सरोहा की अगुवाई में शुक्रवार शाम खरखोदा थाने में एसएचओ बीर सिंह से मुलाकात की। व्यापारियों ने पुलिस से अब तक हुई जांच के बारे में जानकारी ली। एसएचओ बीर सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि मामले को जल्द सुलझा लिया जाएगा। खरखौदा के व्यापारियों की मांग पर संजय सिंगला ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जिले में जितने भी मंदिरों, मस्जिदों आदि में बाहर के पुजारी आए हुए हैं, उन सबकी वेरिफिकेशन होनी चाहिए। क्योंकि इस मामले में भी व्यापारी की हत्या का शक बावरिया के पुजारी पर ही किया जा रहा है, जो परिवार समेत गायब है।

# आर्य समाज का विस्तार करने में पंडित गुरुदत्त ने दिया था सहयोग : सुनील शर्मा

■ पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर स्कूल में कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर में आर्य समाज की महान विरासत और परंपरा से परिचित कराने हेतु, वैदिक संस्कारों को अनुप्राणित कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आर्य समाज के महान प्रचारक

आर्य समाज के महान प्रचारक पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी को उनकी पुण्यतिथि पर प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानाचार्य ने पंडित गुरुदत विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित गुरुदत महान युग दृष्टा ऋषि दयानंद के प्रमुख शिष्य एवं आर्य समाज के प्रमुख नेता थे। उन्होंने डी.ए.वी. कॉलेज की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई व दयानंद के मिशन के प्रचारक रहे। इन्होंने आर्य समाज का विस्तार करने में भरपूर सहयोग दिया। इनका जीवन बहु-आयामी रहा।


**गन्नौर।** प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व स्टाफ सदस्य श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

### मुख्यमंत्री सैनी के ओएसडी ने जाना व्यापारियों का हाल

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने शुक्रवार को सोनीपत काठ मंडी में जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं को जाना।

उन्होंने कहा कि बिना जन भागीदारी के किसी भी किसी भी व्यवस्था को सुचारू रूप से नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन सरका और समाज के बीच के सेतु होते, सर्वप्रथम व्यापारियों ने बॉर्डर का रास्ता खोलने पर सरकार का आभार जताया और फिर मंडी में अनाज के सीजन के दौरान किसानों और व्यापारियों को आने वाली समस्याओं के बारे जैसे नया शेड बनवाने, बाउंड्री वॉल बनवाने आदि के बारे में अवगत कराया।

# हॉफ मैराथन 30 को, सीएम होंगे मुख्यातिथि

■ उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को किया संबोधित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

उपायुक्त डॉ. मनोज ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिला के 05 हजार 308 लोगों ने आवेदन किया था, जिनमें से 03 हजार 83 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के साथ-साथ 01 हजार 606 आवेदनों को अपात्र किया गया था।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 03 हजार 83 लाभार्थियों में से 02 हजार 440 लाभार्थियों को पैसा जारी कर दिया गया है। इसके अलावा बाकी लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के लिए उनके बैंक खातों की वेरिफिकेशन की जा रही उन्हें भी अगले 10 दिन में पैसा जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में जिला के लोगों को उचित पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे के विरूद्घ जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल(डीसीआरयूएसटी) में 30 मार्च को सुबह सोनीपत हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैराथन के दौरान 10 लाख से अधिक राशि के ईनाम भी वितरित किए जाएंगे।


**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद उपायुक्त साथ में डीआईपीआरओ।

# निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर थाना क्षेत्र के अशोक विहार स्थित निर्माणाधीन मकान से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। अनिल विहार निवासी सतबीर वर्मा ने बताया कि वह अशोक नगर में मकान बना बना रहा है। जिसका निर्माण नगर निगम ने रुकवा दिया था। जिसके चलते निर्माण बंद है।

वहां पर निर्माण सामग्री रखी हुई। वहां से चोर लोहे की दो चौखट, दो दरवाजे, दो लोहे की ग्रिल, पानी की टंकी, लोहे के पाइप और एंगल व काठ की कड़ी व पत्थर की टुकड़ी चोरी करे ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी की जांच की तो सीसीटीवी में दो युवक दिखाई दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी में दिखाई दे रहे संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने संभाला कार्यभार

■ करीब चार माह से जिले में नहीं था स्थाई स्वास्थ्य अधिकारी व प्रधान चिकित्सा अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

प्रदेश सरकार की तरफ से जारी की सूची में डा. ज्योत्सना को जिला स्वास्थ्य अधिकारी व नागरिक अस्पताल का प्रधान चिकित्सक अधिकारी नियुक्त किया है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में स्वागत समारोह आयोजित किया।

अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा की और डा. ज्योत्सना को नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई दी। इस दौरान अधिकारियों ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया। डा. ज्योत्सना ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया और स्वास्थ्य विभाग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना और लोगों को बेहतर सेवाएं देना उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए। स्वास्थ्य विभाग की नई योजनाओं को लागू करने के लिए अधिकारियों ने मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।


**सोनीपत।** स्वागत करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी व अन्य।

### नप चेयरपर्सन ने ई शौचालय लोगों को समर्पित किया

**गोहाना।** शहर में बरोदा रोड स्थित डा. मंगल सैन पार्क में नगर परिषद ने ई-शौचालय तैयार करवा किया है। शुक्रवार को नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने शौचालय को लोगों को समर्पित किया। अध्यक्षता नगर परिषद की उप चेयरमैन राजबाला मलिक और नगर पार्षद राजेश कुमार उर्फ सोनू ने की। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए शहर में 4 सार्वजनिक ई-शौचालय बनाए जा चुके हैं।

इससे स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी। नगर परिषद शहर को स्वच्छ, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में स्वर्ण जयंती पार्क, बलिदानी मदनलाल ढींगरा पार्क, सेक्टर 7 और डा. मंगल सैन पार्क में शौचालय बनाए गए। शौचालय तैयार कराने पर लगभग 40 लाख की लागत आई।

# बाल विवाह की जानकारी छुपाने पर होगी कार्रवाई


**गन्नौर।** कार्याशाला में जानकारी देते एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक डा. राज सिंह सांगवान।

**गन्नौर।** बीडीपीओ कार्यालय गन्नौर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में एमडीडी आफ इंडिया, सोनीपत इकाई द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों और ब्लाक समिति सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीपीओ पूनम चंदा ने की, जबकि मुख्य वक्ता एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक व पूर्व अध्यक्ष डा. राज सिंह सांगवान रहे। डा. सांगवान ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध है। ऐसा करने पर दोषियों को दो साल की सजा और दो लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### डीसीआरयूएसटी में प्रारंभ हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

# खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग : श्रीप्रकाश

■ खेल से हमारे जीवन में अनुशासन व नैतिक मूल्य विकसित होते हैं : वीसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है, हमारा मानसिक तनाव कम होता है और हम सामूहिक जीवन का आनंद ले सकते हैं।

डीसीआरयूएसटी, मुरथल की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि हमारे युवा अद्वितीय प्रतिभा के स्वामी है। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि खेल हमें नैतिकता और संयम की शिक्षा भी प्रदान करता है। खेल में भाग लेते समय हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है । इससे हमारे जीवन में अनुशासन और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं।


**सोनीपत।** डीसीआरयूएसटी, मुरथल में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

### जूडो में जीते 5 पदक

**सोनीपत।** जूनियर हरियाणा स्टेट जूडो चैम्पियनशीप का आयोजन करनाल जिले के पाढा में किया गया। जिसमें हरियाणा के लगभग 500 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैम्पियनशिप में इण्डियन स्कूल जूडो अकैडमी के लक्की ने 60 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, तमन्ना ने + 78 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, लवनीत मलिक ने 63 किलोग्राम में रजत पदक, योगेश ने 90 किलोग्राम में कांस्य पदक और गरिमा ने 48 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता।

जूडो कोच सतपाल गुलिया ने बताया कि इससे पहले भी हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं। विद्यालय में प्रबंधक नीलम गाहल्याण ने पदक विजेता जूडो खिलाड़ियों का फूल-माला व पदक पहनाकर स्वागत किया।

### ग्रेजुएशन सेरेमनी में किया सम्मानित

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में शुक्रवार को प्राइमरी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यार्थी और उनके साथ उनके अभिभावकगण भी मौजूद इस दौरान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदर प्रस्तुतियों से हुई। सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिये ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यकम का मुख्य उद्देश्य बच्चों द्वारा पूरे सत्र के दौरान की मेहनत और शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देना और उन्हें सम्मान देना था। स्कूल निदेशक समीक्षा पंवार एवं प्राचार्या किरण दलाल ने सभी अभिभावकों का ब्राइट स्कॉलर स्कूल में विश्वास बनाये रखने के लिए धन्यवाद किया।

HONEY MODERN SCHOOL
URGENT REQUIREMENTS
• PRT :- All Subjects
• TGT :- Science & Maths
(Only Female)
Kindly give Resume by Hand
and call on: 7882741234
WALK-IN-INTERVIEW in all Working Days
Timings : 10:00 am to 1:00 pm
G-mail: honeymodernhighschool@gmail.com
Address: GT ROAD, BAHALGARH